सहायक नगरायुक्तों की देखरेख में सैनिटाईजेशन

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। कोविड-19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में नगरीय क्षेत्र सीमान्तर्गत कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेष्य से नगर निगम द्वारा वृहद स्तर पर सेनेटइजेषन का कार्य किया गया। जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में सफाई एवं सेनेटइजेषन का अभियान संचालित गया। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा मो0 सदर बाजार, रामनगर कालोनी, गदियाना, एमनजई जलालनगर, अशोक विहार कालोनी, सुभाषनगर, लाला तेली बजरिया, लोधीपुर, मुल्लाखेल, गौहरपुरा, बक्सरियाँ, चौक में व्यापक स्तर कराये जा रहे सेनेटइजेशन कार्य को अपनी देख-रेख में कराया गया।

सैनिटाईजेशन करते नगर निगम कर्मी

सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता द्वारा नगर क्षेत्र में सराय काईयां, अहमदपुर रेती, गढ़ी गाडीपुरा, ख्वाजा फिरोज, रोजा आदर्श नगर कालोनी, रोशनगंज,, अजीजगंज, गर्रा फाटक, अब्दुल्लागंज, रंगमहला में अपनी उपस्थिति में सेनेटइजेशन के कार्य को वृहद स्तर पर कराया। 60 वार्डों के 32 से अधिक मोहल्लों में 9565 से अधिक घरों व मार्गों को 2 बड़े स्प्रे वाहनों, 21 हैण्ड होल्ड स्प्रैयर सेनेटाईज किया गया। सेनेटाईजेशन के कार्य में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार, हरिवंश दीक्षित, राजमंगल सिंह, सी0वी0 सागर एवं सुनील कुमार शाक्य, उपस्थित रहे।